अक्षर अदब }{ रोहित चेडवाल

बच्चों के लिए बेहतरीन पुस्तकें

अक्सर लोगों को यह शिक़ायत होती है कि बच्चे पढ़ते नहीं, किताबों से दूर भागते हैं और हर समय फ़ोन में ही लगे रहते हैं। इन्हीं बच्चों को पुस्तकों की दुनिया की ओर पुनः लाने का एक अच्छा माध्यम साबित हो सकती हैं ये कलात्मक पुस्तकें। दो पुस्तकों का ज़िक्र है-

पहली है 'प्यारी मैडम'। एक छोटी



बच्ची स्कूल नहीं जा पाती तो अपने स्कूल की मैडम को ख़त लिखने लगती है। ख़त उसके मन की कोमल भावनाओं में पगे हैं। इन लघु ख़तों में मैडम के

प्यारी मैडम

लेखक

रिनचिन

चित्र

शिवात्मिका

लाला

प्रकाशक

प्रति उसका स्नेह है, अपने परिवार के मौजूदा हाल हैं, मां के लिए डर है और कई सवाल हैं उसके पास जो वह पूछ रही है अपनी मैडम से, हमारे समाज से, आपसे। छोटी बच्ची अपने आसपास घट रही घटनाओं को देखती है और बहुत ही सरलता से उनके बारे में अपनी मैडम से प्रश्न पूछती है।

एकलव्य प्रकाशन

मूल्य ₹55

लेखिका ने जिस तरह ग्रामीण परिवेश और राजनीतिक मुद्दों को सामने रखने का प्रयास किया है वह सराहनीय है। दूसरी पुस्तक है 'छुटकी और चीरो'। छुटकी को अंधेरे से डर लगता है। लेकिन मां तो कहती है कि रात में परी मिलने आती है। बस उस परी को ढूंढने छुटकी निकलती



है और उसे नया दोस्त मिल जाता है। दोनों ही पुस्तकों में हस्तनिर्मित उत्कृष्ट चित्रों का प्रयोग किया गया है जो रुचिकर होने के साथ ही पुस्तक को सुंदर

छुटकी और चीरो

लेखक
मंजरी सिंह

चित्र
प्रशांत सोनी

प्रकाशक
एकलव्य प्रकाशन

भी बनाते हैं। बच्चों में अपने आसपास के वातावरण की

मूल्य
₹35

समझ को बढ़ावा देने के लिए भी ये पुस्तकें उपयोगी साबित हो सकती हैं।